दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### बच्चों से भरी स्कूल बस पलटी, सभी बच्चे सुरक्षित



**गरियाबंद (आरएनएस)।** जिले के देवभोग में शनिवार दोपहर स्कूली बच्चों से भरी बस पलट गई। हालांकि इस हादसे में किसी को भी गंभीर चोट नहीं पहुंची किंतु एक बड़ा हादसा टल गया। बस बीएचएनस्कूल की थी जो छुट्टी के बाद 30 बच्चों को बिठाकर घर छोड़ने ले जा रही थी। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर बीएचएन स्कूल की बस देवभोग गिरसूल होते हुए सीनापाली की ओर जा रही थी, इसी दौरान गिरसूल के पास मोड़ में अचानक पलट गई। बस के पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई, और आस-पास के लोग ने तत्काल बस के अंदर से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे अभिभावक एवं ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश देखा गया जिन्होंने मौके पर पहुंचे प्रबंधन और बस चालक की पिटाई कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची देवभोग पुलिस ने भीड़ को हटाया तथा हालात को काबू में किया। हालांकि इस हादसे में किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नही पहुंची है किंतु चार बच्चे मामूली रूप से घायल हुए है। बताया जाता है कि यह बस पिछले कई महीनों से खराब चल रही थी। पालकों ने इसके मेंटेनेंस की मांग भी की थी, लेकिन प्रबंधन ने इसे ध्यान नहीं दिया और शनिवार को ब्रेक फेल होने की वजह यह हादसा हो गया। वहीं चालक के खिलाफ पुलिस आवश्यक कार्रवाई की गई है।

### नकली प्रोडक्ट बेचते वाले तीन दुकान संचालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** डिजनी इंटरप्राइजेस आईएनसी एवं मार्वल कैरेक्टर्स आईएनसी के नकली प्रोडक्ट बेचने वाले तीन दुकान संचालकों के खिलाफ सिविल लाइन पुलिस ने कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार विश्वकर्मा पार्क लक्ष्मी नगर न्यू दिल्ली निवासी साहिद हुसैन ने थाना में शिकायत किया कि कटोरा तालाब स्थित रेड टेडी प्राइम शॉप के संचालक विजय पंजवानी 41 वर्ष ने प्रार्थी के कंपनी डिजनी इंटरप्राइजेस आईएनसी एवं मार्वल कैरेक्टर्स आईएनसी कम्पनी के स्कूल बैग, कंपास, पेंसिल, टॉयस, डायरी, पानी बॉटल एवं अन्य सामान का नकली प्रोडक्ट बेच रहा है। इसी तरह रिश्ते गिफ्ट शॉप के संचालक प्रवीण जैन 32 वर्ष व टॉय जोन शॉप के संचालक राजेश पंजवानी 45 वर्ष भी नकली प्रोडक्ट बेचते पाया गया। मामले में सिविल लाइन पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कॉपी राइट एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### ऑटो पार्टस दुकान में लगी भीषण आग

**बलौदाबाजार-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के कसडोल नगर में संचालित एक ऑटो पाट्र्स की दुकान में लगी भयंकर आग से 9 बाइक चलकर नष्ट हो गई है। सूत्रों ने बताया कि आगजनी की यह घटना शुक्रवार-शनिवार दरम्यानी रात की है। कसडोल नगर के गायत्री चौक स्थित लखेश्वर ऑटो पाट्र्स में हुई इस आगजनी की घटना में यहां रखा 9 बाइक जलकर नष्ट हो गया। आगजनी की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। सूत्रों की माने तो आगजनी के पीछे शॉट-सर्किट को कारण माना जा रहा है, लेकिन पुलिस आगजनी की मुख्य वजह जानने लगातार जांच में जुटी हुई है।

# मतदाताओं को जागरूक करने शहर के विभिन्न स्थानों में चला स्वीप कार्यक्रम : मतदान हेतु प्रेरित करने लिए युवाओं ने ली सेल्फी

- स्कूली बच्चों ने पारंपरिक अंदाज में सुआ नृत्य कर मतदान के लिए किया प्रेरित
- 'चला रईगढ़िया, वोट देवइया' का नारा लगाकर शहर वासियों को मतदान करने हेतु की अपील
- नए मतदाताओं ने जुड़वाया मतदाता सूची में अपना नाम
- 31 अगस्त तक सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य जारी
- जतन केंद्र, शासकीय आयुर्वेद औषधालय एवं बेटी बचाओ बेटी-पढ़ाओ चौक रायगढ़ में हुआ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम




**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में आगामी निर्वाचन के मद्देनजर जिले में मतदाताओ को जागरूकता एवं मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।

स्वीप कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर अंतर्गत रायगढ़ में मतदान केंद्र क्रमांक 11 जतन केंद्र में आज मतदाता जागरूकता हेतु पारंपरिक वेशभूषा में सजकर स्कूली छात्राओं ने चुनई चिराई सुआ नृत्य कर मतदान हेतु अपील की। इसी प्रकार शासकीय आयुर्वेद औषधालय में गेड़ी नृत्य के थीम पर कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं एवं मतदान के लिए प्रेरित करने सेल्फी प्वाइंट में सेल्फी भी लिए, जिससे अन्य मतदाता जागरुक हो सकें। इस दौरान नए मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार शासकीय आयुर्वेद औषधालय में स्वीप कार्यक्रम में रंग-बिरंगी रंगोली एवं चुनई चिराई के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक कर निष्पक्ष मतदान हेतु प्रेरित किया।

मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में नए मतदाताओं का स्वागत किया गया। इस दौरान नए मतदाताओं ने बीएलओ के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाने हेतु फार्म-6 भरे, इसके साथ ही अन्य मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील जागरूक किया गया और मतदान हेतु अपील की गई। कार्यक्रम में नव वधु भी शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि 31 अगस्त 2023 तक सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची पुनरीक्षण 2023 का कार्य प्रारंभ है जिसमें दावा-आपत्ति तथा संशोधन का कार्य बीएलओ एवं अविहित अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 19 एवं 20 अगस्त को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के समस्त मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विशेष शिविर के दौरान मतदाता सूची में नाम जोडऩे, विलोपन, संशोधन कराने के लिए अपने मतदान केन्द्र के अविहित अधिकारी तथा बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर अपने आवश्यकतानुसार मतदाता सूची में नाम जुड़वाने सहित विलोपन एवं संशोधन करा सकते है।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम गगन शर्मा, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु हेमनानी, नगर निगम उपायुक्त सुतीक्षण यादव, तहसीलदार लोमस मिरी, नायब तहसीलदार तृप्ति चंद्राकर एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

**बच्चों ने डांस कर मताधिकार के प्रयोग के लिए लोगों को किया प्रोत्साहित**

जिला प्रशासन द्वारा आज स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक में एसडीएम गगन शर्मा के नेतृत्व में स्कूली छात्र-छात्राओं ने डांस कर लोगों को मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करते हुए 'चला रईगढिय़ा वोट देवईया' का नारा लगाकर शहर वासियों को वोटिंग करने हेतु अपील किए। इस दौरान युवाओं एवं राहगीरों को आगामी निर्वाचन में शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग करने हेतु शपथ दिलाई गई।

# मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना : पर्यावरण संरक्षण के साथ होगा मृदा संरक्षण

- पर्यावरण संरक्षण के साथ होगा मृदा संरक्षण
- बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण को मिलेगा बढ़ावा
- रैली फॉर रिवर्स अभियान द्वारा की जा चुकी सराहना



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में किसानों की आय में बढ़ोत्तरी और पर्यावरण सुधार के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' प्रारंभ की गई है। इसका क्रियान्वयन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसकी सराहना 'रैली फ ॉर रिवर्स ' अभियान द्वारा की जा चुकी है। 'रैली फॉर रिवर्स ' ने ट्वीट में लिखा है कि वाणिज्यिक वृक्षारोपण के जरिए किसानो की आमदनी में बढ़ोत्तरी के लिए राज्य सरकार की यह एक अद्भुत पहल है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में प्रारंभ की गई 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना' बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देने का राष्ट्रीय स्तर पर पहला बड़ा अभियान है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर 21 मार्च को इस योजना का शुभारंभ किया। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ में पांच वर्षों में एक लाख 80 हजार एकड़ निजी भूमि में चिन्हित प्रजातियों के 15 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य है।

# मोटरसाइकिल पर गांजा तस्करी कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार

- 5 किलो गांजा व मोटरसाइकिल की जब्त
- लैलूंगा पुलिस की रेड कार्यवाही



**रायगढ़।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर उड़ीसा प्रांत से मादक पदार्थों की तस्करी को लेकर सीमावर्ती थानों के प्रभारीगण द्वारा मुखबिर लगाकर चेक पॉइंट्स एवं उड़ीसा के ग्रामीण क्षेत्रों से जिले में प्रवेश वाले अंदरुनी रास्तों पर मुखबिर लगाकर चौकसी बढ़ा दी गई है जिसमें कल देर रात लैलूंगा पुलिस को गांजा तस्करी करते दो व्यक्तियों को पकड़ने में सफलता मिली है।

बीते रात थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम केकराझरिया का भजोराम नंदग्वाल अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल पर उड़ीसा अवैध बिक्री के लिए गांजा लेने गया है जिसके देर रात्रि लौट कर आने की संभावना है, थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराते हुए रात्रि गश्त कर्मचारियों को विभिन्न चौक पर तैनात किया गया। देर रात्रि सहायक उपनिरीक्षक चंदन नेताम के हमराह जमुना चौक पर घेराबंदी कर रहे लैलूंगा स्टाफ द्वारा बिना नंबर प्लेटिना मोटरसाइकिल पर संदिग्ध मादक पदार्थ गांजा लेकर आ रहे दो व्यक्तियों को पकड़ा गया, पूछताछ में उन्होंने अपना नाम (1) भजो राम नंदग्वाल पिता श्रीधर उम्र 47 साल निवासी केकराझरिया थाना लैलूंगा (2) गणपत यादव पिता विद्याधर यादव उम्र 50 साल पोकडेगा थाना लैलूंगा बताएं जिनकी विधिवत तलाशी लिए जाने पर उनके मोटरसाइकिल की डिक्की और उनके पास एक-एक किलो वजन के पांच गांजा पैकेट कुल वजन 5 किलोग्राम कीमत करीब 60000 रुपए का बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से गांजा परिवहन में प्रयुक्त बिना नंबर मोटरसाइकिल बजाज प्लैटिना कीमत रु.40000 एवं मादक पदार्थ गांजा की जब्ती कर थाने लाया गया। थाना लैलूंगा में आरोपी भजो राम और गनपत यादव के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया , जहां से दोनों को जेल दाखिल किया गया है।

# मुख्यमंत्री आज न्याय योजना तथा अन्य योजनाओं के हितग्राहियों को 2055.60 करोड़ रूपए का करेंगे ऑनलाईन भुगतान

**महासमुन्द।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 20 अगस्त को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती ''सद्भावना दिवस'' के अवसर पर महासमुंद के हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12 बजे आयोजित कार्यक्रम में न्याय योजनाओं सहित अन्य योजना के हितग्राहियों किसानों, मजदूरों, ग्रामीण व पशुपालकों को 2055.60 करोड़ रूपए की राशि का ऑनलाईन भुगतान करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव अति विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। लोकसभा सांसद दीपक बैज सहित छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रीगण, संसदीय सचिव, विधायक, अनेक जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री बघेल कार्यक्रम में ''राजीव गांधी किसान न्याय योजना'' के हितग्राहियों को योजना की द्वितीय किश्त के रूप में 1810 करोड़ रूपए का भुगतान करेंगे। इस राशि को मिलाकर राजीव गांधी किसान न्याय योजना के 24.30 लाख किसानों को अब तक 21 हजार 912 करोड़ रूपए की इनपुट सब्सिडी का भुगतान किया जा चुका है। इसी तरह मुख्यमंत्री 'राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' के हितग्राहियों को दूसरी किश्त के रूप में 168.63 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान करेंगे। इस राशि को मिलाकर योजना के 5.6 लाख हितग्राहियों को अब तक 758.03 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

कार्यक्रम में बघेल 'राजीव युवा मितान क्लबों' को 66.21 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण करेंगे। युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोडऩे के लिए राज्य में गठित किए 13 हजार 242 क्लबों को अब तक 132.48 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री इसी तारतम्य में 'गोधन न्याय योजना' के हितग्राहियों को 9.65 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान करेंगे। इस राशि को मिलाकर योजना के तहत अब तक महिला स्व-सहायता समूहों, गौठान समितियों और ग्रामीणों को 551.31 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है।

बघेल कार्यक्रम में 'मुख्यमंत्री परब सम्मान निधि योजना' के तहत गैर अनुसूचित क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को 1.11 करोड़ रूपए की राशि का अंतरण करेंगे। इस राशि को मिलाकर 6,111 ग्राम पंचायतों को स्थानीय उत्सवों को मनाने के लिए 6.11 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

**655 करोड़ की लागत के 223 विकास कार्यों का होगा लोकार्पण-शिलान्यास-** मुख्यमंत्री बघेल कार्यक्रम के दौरान महासमुंद जिले को 655 करोड़ की लागत के 223 विकास कार्यों की सौगात देंगे। इनमें से 71.08 करोड़ रूपए की लागत के 132 कार्यों का लोकार्पण और 583 करोड़ 92 लाख रूपए की लागत के 91 कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास होगा। मुख्यमंत्री इस कार्यक्रम में 322 करोड़ 85 लाख रूपए की लागत से बनने वाले महासमुंद के मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखेंगे। साथ ही जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में प्रारंभ होने वाले 118.42 करोड़ रूपए लागत के विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।

**50 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई को दिखाएंगे हरी झण्डी-** मुख्यमंत्री बघेल कार्यक्रम के दौरान महासमुंद जिले के लिए 7 तथा संभाग के अन्य जिलों के लिए 43 पशु मोबाइल चिकित्सा इकाइयों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे तथा हितग्राहियों को व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र तथा सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र सौंपेंगे।

# छत्तीसगढ़ में अब तक 688.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2023 से अब तक राज्य में 688.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2023 से आज 19 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1193.3 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 322.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 606.9 मिमी, बलरामपुर में 627.3 मिमी, जशपुर में 550.5 मिमी, कोरिया में 664.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 673.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 797.2 मिमी, बलौदाबाजार में 687.0 मिमी, गरियाबंद में 637.7 मिमी, महासमुंद में 731.7 मिमी, धमतरी में 716.5 मिमी, बिलासपुर में 703.0 मिमी, मुंगेली में 856.9 मिमी, रायगढ़ में 769.1 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 606.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 576.7 मिमी, सक्ती में 586.7 मिमी, कोरबा में 670.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 664.6 मिमी, दुर्ग में 565.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 530.3 मिमी, राजनांदगांव में 763.3 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 875.7 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 708.6 मिमी, बालोद में 756.7 मिमी, बेमेतरा में 530.9 मिमी, बस्तर में 711.6 मिमी, कोण्डागांव में 539.5 मिमी, कांकेर में 654.5 मिमी, नारायणपुर में 621.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 805.2 मिमी और सुकमा में 1019.4 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

# आकाशीय बिजली गिरने से पांच प्रवासी पक्षियों की मौत, एक व्यक्ति झुलसा

**कोरबा (आरएनएस)।** ग्राम कनकी के कनकेश्वर धाम के नजदीक आकाशीय बिजली गिरने के कारण पांच प्रवासी पक्षियों की मौत हो गई। जबकि नीलकंठ नामक व्यापारी झुलस गया। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार कोरबा से 20 किमी दूर प्रसिद्ध कनकेश्वर धाम में आकाशीय बिजली गिरने की घटना हुई जिसमें 5 प्रवासी पक्षियों की जान ले ली। वहीं इस स्थान पर सामानों की बिक्री करने वाले नीलकंठ को भी चोटें आई है जो बिजली की चपेट में आ गया। सावन के पवित्र माह के दौरान मंदिर परिसर में मेला लगा हुआ है जहां अचानक मौसम का मिजाज बदला और बारिश शुरु हो गई। इस दौरान तेज आवाज के साथ बादल गरजा और पेड़ों पर बैठे पक्षियों पर बिजली गिरी जिससे कई पक्षियों की मौत हो गई वहीं मनिहारी की दुकान लगाने वाले व्यक्ति की दुकान में आग लग गई और वो झुलस गया। आकाशीय बिजली से प्रवासी पक्षियों को बचाने जिस तरह से वन विभाग लापरवाह बना हुआ है उससे ग्रामीण काफी आक्रोशित नजर आ रहे है।

वहीं कनकी गांव में रहने वाले लोग प्रवासी पक्षी एशियन बिल्ड ओपन स्टार्क को काफी शुभ मानते है। सात समंदर पार कर पक्षी प्रजनन के लिए यहां पहुंचते है। ग्रामीणो का कहना है, कि पक्षियों के आगमन से मानसून मेहरबान हो जाता है और जमकर बारिश होती है।

मौके पर दुर्घटना हुई उस पर कई सवाल खड़े किये जा रहे हैं। पता चला कि सुरक्षा के मद्देनजर यहां पर तड़ितचालक लगाए गए हैं। इससे गारंटी होती है कि एक निश्चित क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं नियंत्रित होगी। यह सब कवायद होने पर भी घटना हुई है तो उस पर सवाल खड़े होने स्वाभाविक हैं।

# जिले के मतदाता शपथ अभियान में शामिल होने लोगों में दिखा उत्साह और उमंग

- युवाओं और बुजुर्गों में खुशियों से सराबोर रहा मतदान हस्ताक्षर अभियान




**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** जिले के नागरिकों के स्व-प्रेरणा से मतदाता जागरूकता अभियान के कार्यक्रम में सहभागिता करने से भारत निर्वाचन आयोग का मतदान का उद्देश्य पूरा होते नजर आ रहा है। बरमकेला विकासखंड में मतदान के लिए हस्ताक्षर अभियान में युवा-बुजुर्गों का हस्ताक्षर करने की होड़ उनकी उत्सुकता और खुशियों को उजागर करती है। ग्रामीण और शहरी मतदाता द्वारा अपने गली, मोहल्लों, मतदान केन्द्रों में स्वमेव पहुंचकर और कहीं बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के आव्हान पर मतदान केन्द्रों में पहुंचकर सामूहिक मतदाता शपथ लिया गया।

कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों, पत्रकारगणों और सारबिला अकादमी सारंगढ़ के नये मतदाताओं के साथ मतदाता शपथ ली। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, एडीएम निष्ठा पांडेय तिवारी, एसडीएम मोनिका वर्मा, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आशीष बनर्जी, आयुर्वेद अधिकारी पटेल, एसीईओ संजू पटेल, पत्रकार यशवंत ठाकुर, भरत अग्रवाल, ओंकार केशरवानी, राजेश कुमार यादव उपस्थित थे।

इसी प्रकार जिले के सभी जनपद पंचायतों, नगर पंचायतों, स्वास्थ्य केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल के मतदान केन्द्रों, नगरपालिका सारंगढ़ सहित जिले के राजस्व, स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, विद्युत कंपनी, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, लोक निर्माण आदि विभागों के तहसील एवं एसडीएम, परियोजना, बीईओ, डीईओ, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, रेंज, जिला, एसडीओ आदि कार्यालयों में मतदाता शपथ का सामूहिक आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाताओं से मतदान शपथ का फार्म भी भरा गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और निर्वाचन से जुड़े सभी रिटर्निंग अफसर आदि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480